लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

भारत एवं ऑस्ट्रेलिया के द्विपक्षीय संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और समृद्ध और जीवंत संस्कृति पर आधारित हैं: लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली 27 जुलाई 2020: ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त श्री बैरी ओ'फरेल ए ओ, ने आज संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से मुलाकात की। श्री ओ'फैरेल का स्वागत करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत एवं ऑस्ट्रेलिया के द्विपक्षीय संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और समृद्ध और जीवंत संस्कृति पर आधारित हैं। श्री बिरला ने उल्लेख किया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं श्री स्कॉट मॉरिसन ने जून 2020 में एक वर्चुअल शिखर बैठक की, जिसमें दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदलने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों मजबूत लोकतंत्र हैं जो भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि चाहते हैं।

COVID 19 महामारी पर श्री बिरला ने कहा कि इस कठिन समय में दोनों देश, साझा प्रयासों के माध्यम से अपने लोगों को सुरक्षित रखने तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी में बढ़े हुए सहयोग से लाभान्वित हो सकते हैं।

श्री बिरला ने आगे कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर अपने अंतर्राष्ट्रीय मामलों का संचालन करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया एक परिवार है, और इस दृष्टिकोण में विस्तारवादी विचारधाराओं के लिए कोई जगह नहीं है और भारत साझा शांति और समृद्धि के आधार पर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में ऑस्ट्रेलिया ने नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय संरचना एवं भारत की राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दिखा कर सराहनीय भूमिका निभाई है।

दोनों देशों के बीच घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों की बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया को कृषि, पर्यटन, एमएसएमई आदि जैसे विविध क्षेत्रों में घनिष्ठ भागीदारी पर बल देना चाहिए और अपने व्यापार, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को तेज़ गति से बढ़ाना जारी रखना चाहिए। दोनों देशों के बीच व्यापार की संभावनाओं पर श्री बिरला ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में बहुत अधिक संभावनाएं हैं जो दोनों देशों के लिए लाभकारी हैं।

श्री बिरला ने दोनों राष्ट्रों के बीच संसदीय संबंधों को मजबूत करने पर भी जोर दिया और महामारी की स्थिति में सुधार होने पर ऑस्ट्रेलियाई स्पीकर के नेतृत्व में एक ऑस्ट्रेलियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल को भारतीय संसद में आमंत्रित किया।